# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | जंतर-मंतर के यंत्रों का संरक्षण |
| 2. | 'प्रवासी राजस्थानी मीट' का दूसरा कार्यक्रम : सूरत |
| 3. | थार महोत्सव : बाड़मेर |
| 4. | इन्द्र-2025 : भारत-रूस संयुक्त सैन्याभ्यास |
| 5. | राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान (RIMS), जयपुर |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी : जयपुर<br>2. राजस्थान का पहला टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट: पुष्कर में पायलट प्रोजेक्ट<br>3. ई-प्रॉसीक्यूशन में राजस्थान को देश में प्रथम स्थान<br>4. 22वीं सीनियर नेशनल रोलबॉल प्रतियोगिता : राजस्थान को रजत पदक<br>5. संजय वीर और धर्मेंद्र मीणा : BCCI के सीनियर वीडियो एनालिस्ट<br>6. सिरोही और डीडवाना में केंद्रीय विद्यालय (KVs)<br>7. 7वीं नेशनल व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप : राजस्थान को रजत पदक |
| 7. | खारकीव और पोल्तावा क्षेत्र |
| 8. | मेडागास्कर में नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति |
| 9. | एस्ट्रोसैट |
| 10. | विश्व बैंक ने भारत के जीडीपी विकास अनुमान में कटौती की |
| 11. | द स्टेट ऑफ सोशल जस्टिस: ए वर्क इन प्रोग्रेस" रिपोर्ट |
| 12. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. टाइफून मत्मो<br>2. अल-होल<br>3. प्रतिभूति लेन-देन कर |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## जंतर-मंतर के यंत्रों का संरक्षण

### चर्चा में क्यों?

- पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग (राजस्थान) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA), नई दिल्ली द्वारा यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल जयपुर स्थित जंतर-मंतर के यंत्रों का संरक्षण किया जाएगा।



### मुख्य बिन्दु:

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा यहाँ के यंत्रों के लिए 'डिजास्टर रिस्क मैंनेजमेंट प्लान' बनाया जाएगा, ताकि क्षरण हो रहे पत्थरों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।
- जंतर-मंतर 18वीं शताब्दी में सवाई जय सिंह द्वारा निर्मित पांच खगोलीय वेधशालाओं का एक समूह है, जो नई दिल्ली, जयपुर, उज्जैन, मथुरा और वाराणसी में स्थित है।

**जयपुर स्थित जंतर-मंतर :**

- **निर्माण :** जयपुर शहर के संस्थापक सवाई जय सिंह द्वारा।
- इस स्मारक का निर्माण कार्य वर्ष 1734 में पूरा हुआ।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## प्रमुख यंत्र और उपकरण :

### वृहत् स्मारक यंत्र :

- वृहत् स्मारक यंत्र जंतर-मंतर वेधशाला के केंद्र में स्थित एक विशाल सूर्य घड़ी है। 27 मीटर लंबी यह संरचना दुनिया की सबसे ऊँची सूर्य घड़ी है। 'सम्राट यंत्र', जिसका अर्थ है 'सर्वोच्च यंत्र', एक विषुवकालीन सूर्य घड़ी है और दो सेकंड की सटीकता तक समय की गणना करती है।

### लघु स्मारक यंत्र :

- यह यंत्र स्थानीय समय को बीस सेकंड की सटीकता से मापता है। इस सूर्यघड़ी का रैंप उत्तरी ध्रुव की ओर इंगित करता है, इसलिए उत्कीर्ण पैमाने के खंडों पर रैंप की छाया की स्थिति को मापकर जयपुर में स्थानीय समय की गणना आसानी से की जा सकती है।

### राम यंत्र :

- राम यंत्र सूर्य और ग्रहों की ऊँचाई और दिगंश (Azimuth) को मापता है। राम यंत्र केवल जयपुर और नई दिल्ली के जंतर-मंतर में ही है।

### जय प्रकाश यंत्र :

- इस यंत्र में दो अर्धगोलाकार कटोरे हैं जो सूर्यघड़ियों जैसे हैं और जिन पर संगमरमर की पट्टियाँ बनी हैं। इसके माध्यम से आकाश की उलटी छवि और पट्टियों पर उलटी छायाओं की गति का उपयोग करके खगोलीय पिंडों की ऊँचाई, दिगंश, घंटे के कोण और सटीक स्थिति का पता लगाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**महत्त्व :**

- **खगोलीय पिंडों की स्थिति और दूरी मापने के लिए जंतर-मंतर में 19 पत्थर से तराशी गई संरचनाएँ (उपकरण) लगे हैं।**
- **जयपुर के जंतर-मंतर में पत्थरों के समूह खगोलीय पिंडों की स्थिति की व्याख्या करने और स्थानीय समय की गणना करने में मदद करते हैं।**
- **वर्ष 1948 में इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया गया तथा इसका प्रबंधन वर्ष 1961 से राजस्थान के पुरातत्व स्थल और स्मारक अधिनियम के तहत किया जाता है।**
- **वर्ष 2010 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में सूचीबद्ध।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ‘प्रवासी राजस्थानी मीट’ का दूसरा कार्यक्रम : सूरत

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के सहयोग से राजस्थान सरकार द्वारा ‘प्रवासी राजस्थानी मीट’ का दूसरा कार्यक्रम सूरत (गुजरात) में आयोजित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 8 अक्टूबर, 2025
- जयपुर में 10 दिसंबर, 2025 को आयोजित होने वाले प्रथम ‘प्रवासी राजस्थानी दिवस’ के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा ‘प्रवासी राजस्थानी मीट’ का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला का पहला कार्यक्रम हैदराबाद में 26 सितंबर, 2025 को आयोजित किया गया था।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**'प्रवासी राजस्थानी मीट' के इवेंट्स :**


- **हैदराबाद :** 26 सितंबर, 2025
- **सूरत :** 8 अक्टूबर, 2025
- **कोलकाता :** 28 अक्टूबर, 2025
- **दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) :** 08 नवंबर, 2025
- **अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) :** 11 नवंबर, 2025
- **'प्रवासी राजस्थानी दिवस' का उद्देश्य :** राज्य सरकार के उद्योग विभाग और राजस्थान फाउंडेशन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रवासी राजस्थानी समुदाय से सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करना और उन्हें राज्य के विकास में सहभागी बनाना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# थार महोत्सव : बाड़मेर

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा बाड़मेर में थार महोत्सव – 2025 का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- आयोजन तिथि : 8 और 9 अक्टूबर, 2025
- कार्यक्रम की थीम : 'रंग रेगिस्तान के'।
- थार कुमारी (2025): नक्षत्री चौधरी।
- थार श्री (2025): धर्मेन्द्र डाबी।
- थार महोत्सव – 2025 के दौरान बाड़मेर जिले के 'पँच गौरव' पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

बाड़मेर के पँच गौरव:

| जिला | उपज | प्रजाति | उत्पाद | पर्यटन स्थल | खेल |
|---|---|---|---|---|---|
| बाड़मेर | ईसबगोल | रोहिड़ा | कशीदाकारी | किराड़ू मंदिर | बास्केटबॉल |

अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

राजस्थान पर्यटन द्वारा अक्टूबर, 2025 में आयोजित प्रमुख इवेंट्स:

- कोटा दशहरा मेला : 2 से 17 अक्टूबर।
- मारवाड़ महोत्सव (जोधपुर) : 6 - 7 अक्टूबर।
- थार महोत्सव (बाड़मेर) : 8 - 9 अक्टूबर।
- डीग महोत्सव (डीग) : 10 अक्टूबर।
- कल्चरल डायरीज (जयपुर) : 11 अक्टूबर।
- पुष्कर मेला (अजमेर) : 30 अक्टूबर से 5 नवंबर।
- हॉलिडे एक्सपो, वडोदरा : 9 से 11 अक्टूबर।
- नोट : जोधपुर में संपन्न मारवाड़ महोत्सव 2025 में 'मारवाड़श्री' का अवार्ड नरसिंह चौहान ने जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इन्द्र-2025 : भारत-रूस संयुक्त सैन्याभ्यास




## चर्चा में क्यों?

- बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और रूस के बीच इंद्र-2025 संयुक्त सैन्य अभ्यास की शुरुआत हुई।

## मुख्य बिन्दु:

- यह संयुक्त अभ्यास दोनों देशों द्वारा बारी-बारी से हर दो साल में आयोजित किया जाता है। पिछला संस्करण वर्ष 2021-2022 में आयोजित किया गया था।
- **नोट :** अप्रैल 2025 में भारत और रूस ने बंगाल की खाड़ी में 'इंद्र नेवी 2025' अभ्यास आयोजित किया। इससे पूर्व दो रूसी जहाजों वारयाग और मार्शल शापोशनिकोव ने भारत में 'मिलन 2024' अभ्यास में भाग लिया।

### अभ्यास की अवधि :

- 06 से 15 अक्टूबर, 2025

### भारत का नेतृत्व :

- मेजर जनरल संजय चंद्र कांडपाल।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान में सम्पन्न अन्य सैन्य अभ्यास:**

- **एक्सरसाइज डेजर्ट हंट :** भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा संयुक्त रूप से वायु सेना स्टेशन जोधपुर में 24 से 28 फरवरी, 2025 तक।
- **एक्सरसाइज बोल्ड कुरूक्षेत्र :** भारत और सिंगापुर का द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास जोधपुर में 28 जुलाई से 4 अगस्त, 2025 तक।
- **इंटीग्रेटेड फायर पावर एक्सरसाइज 'अमोघ फ्यूरी' :** सितंबर, 2025 में बीकानेर सेना की सप्त शक्ति कमान द्वारा महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान (RIMS), जयपुर

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली और राजस्थान सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग के मध्य 'राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान (RIMS), जयपुर' की स्थापना और संचालन के लिए एक समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।

## मुख्य बिन्दु:

- **घोषणा :** राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साईंसेज (RUHS) का उन्नयन कर जयपुर में RIMS की स्थापना की जाएगी, जिसके संदर्भ में वर्ष 2024-25 के राज्य बजट में घोषणा की गई थी। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, जयपुर को भी RIMS में समाहित करना प्रस्तावित है।

- **संस्थान का प्रकार:** RIMS एक स्वायत्त संस्थान और विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करेगा जहाँ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के तहत डिग्री, डिप्लोमा और अन्य शैक्षणिक मान्यताएँ दी जा सकेंगी।

- **बजट का प्रावधान :** RIMS एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करेगा, जिसकी एक समर्पित निधि होगी। राज्य सरकार द्वारा RIMS के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए ₹100 करोड़ का व्यय किया जाना प्रस्तावित है। अन्य खर्चों के लिए प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकेगा।

- **नोट :** 3 सितम्बर, 2025 को राजस्थान विधानसभा में 'राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025' ध्वनिमत से पारित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी : जयपुर**<br>▪ हाल ही में, जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) द्वारा स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ राजस्थान को प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने हेतु अचरोल (जयपुर) में भूमि का आवंटन किया।<br>▪ वर्ष 2024-25 के राज्य बजट में प्रदेश में खेलों और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को आधुनिक उपकरणों के साथ वैज्ञानिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, विभिन्न खेलों के उच्चस्तरीय कोच एवं खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए जयपुर में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की गई थी।<br>▪ इसी क्रम में, सितंबर, 2025 में राजस्थान कैबिनेट द्वारा 'द महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर बिल-2025' के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। |
| 2. | **राजस्थान का पहला टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट: पुष्कर में पायलट प्रोजेक्ट**<br>▪ राजस्थान में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकले ट्रीटेड वाटर का खेती और औद्योगिक क्षेत्रों में उपयोग करने हेतु पुष्कर (अजमेर) में प्रदेश का पहला टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट का पायलट प्रोजेक्ट संचालित किया जाएगा। |
| 3. | **ई-प्रॉसीक्यूशन में राजस्थान को देश में प्रथम स्थान**<br>▪ स्कॉच संस्था द्वारा हाल ही में राजस्थान को ई- प्रॉसीक्यूशन के क्षेत्र में देश भर में पहला स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।<br>▪ राजस्थान के अभियोजन विभाग ने वर्ष 2024 में 8 लाख से अधिक और अगस्त 2025 तक 6.50 लाख से ज्यादा प्रविष्ठियां कीं, जो देश में सबसे अधिक हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ■ ई-प्रॉसीक्यूशन एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो सरकारी अभियोजकों को आपराधिक मामलों की कार्यवाही को डिजिटल रूप से दर्ज करने, प्रबंधित करने और प्रस्तुत करने में मदद करता है, जिससे न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और कुशल बनाया जा सके। यह इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (ICJS) का हिस्सा है, जो पुलिस, अभियोजकों और अदालतों के बीच डेटा के निर्बाध हस्तांतरण को सक्षम बनाता है। |
| 4. | **22वीं सीनियर नेशनल रोलबॉल प्रतियोगिता : राजस्थान को रजत पदक**<br>■ हाल ही में, इंदौर में आयोजित 22वीं सीनियर नेशनल रोलबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान की सीनियर महिला रोलबॉल टीम ने रजत पदक जीता।<br>■ फाइनल : राजस्थान बनाम उत्तर प्रदेश।<br>■ सेमीफाइनल : राजस्थान बनाम महाराष्ट्र ।<br>■ आयोजन : 3 से 6 अक्टूबर, 2025 तक। |
| 5. | **संजय वीर और धर्मेंद्र मीणा : BCCI के सीनियर वीडियो एनालिस्ट**<br>■ हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा अहमदाबाद में आयोजित वीडियो एनालिस्ट एग्जाम में राजस्थान के संजय वीर और धर्मेंद्र मीणा सीनियर वीडियो एनालिस्ट बने। |
| 6. | **सिरोही और डीडवाना में केंद्रीय विद्यालय (KVs)**<br>■ हाल ही में, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने पूरे देश में 57 नए केंद्रीय विद्यालय (KVs) खोलने को स्वीकृति प्रदान की। इन 57 विद्यालयों में से 2 विद्यालय सिरोही और डीडवाना में खोले जाएंगे। |
| 7. | **7वीं नेशनल व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप : राजस्थान को रजत पदक**<br>■ ग्वालियर में आयोजित 7वीं नेशनल व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान ने रजत पदक जीता।<br>■ आयोजन : 3 से 5 अक्टूबर, 2025<br>■ फाइनल : ओडिशा बनाम राजस्थान। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

### खारकीव और पोल्तावा क्षेत्र

**चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, रूस ने खारकीव और पोल्तावा क्षेत्रों में यूक्रेन के गैस स्थलों पर बड़े पैमाने पर हमले किए।**




**मुख्य बिन्दु:**

- **इस हमले से अन्य क्षेत्र जैसे डोनेट्स्क, लुहान्स्क, सूमी, खेरसॉन, माइकोलाइव, नीप्रो, ज़ापोरिज़्ज़िया, चेर्निहाइव आदि भी प्रभावित हुए।**
    - **ज़ापोरिज़्ज़िया विशेष चिंता का क्षेत्र है, क्योंकि यह परमाणु ऊर्जा संयंत्र का एक स्थल है।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मेडागास्कर में नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति

- **मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने कई हफ्तों के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद रूपिन फोर्टुनैट ज़ाफिसाम्बो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## एस्ट्रोसैट

- भारत की पहली अंतरिक्ष वेधशाला एस्ट्रोसैट ने 10 साल पूरे किए।

### प्रक्षेपण और मिशन जीवन

- 28 सितंबर, 2015 को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी30 (एक्सएल) रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया।
- **मूलतः** इसे पांच वर्ष के मिशन जीवन के लिए डिजाइन किया गया था, तथा यह एक दशक बाद भी काम कर रहा है।

### वैज्ञानिक योगदान

- एस्ट्रोसैट एक बहु-तरंगदैर्ध्य अंतरिक्ष वेधशाला है, जिसमें पांच पेलोड हैं।
- **महत्वपूर्ण खोज:**
  - ब्लैक होल से लेकर न्यूट्रॉन तारों तक का अवलोकन।
  - 9.3 अरब प्रकाश वर्ष दूर आकाशगंगाओं से FUV फोटॉनों का पहली बार पता लगाया गया।
  - यूवी/दृश्यमान से लेकर उच्च ऊर्जा एक्स-रे तक विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम की जानकारी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## विश्व बैंक ने भारत के जीडीपी विकास अनुमान में कटौती की

- विश्व बैंक ने 2026-27 के लिए भारत के जीडीपी विकास अनुमान को 20 आधार अंक घटाकर 6.3% किया।
- 2025-26 के लिए यह अनुमान 6.5% किया गया है, जो आरबीआई के अनुमानों से कम है।
- यह कटौती अमेरिकी टैरिफ नीतियों के चलते की गई, विशेष रूप से 50% टैरिफ के जोखिमों के मद्देनज़र।

**भारत सरकार के सुधार प्रयास:**

- भारत सरकार ने कई सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, जैसे कि आयकर दरों में कमी, श्रम बाजार सुधारों और नियामक नीतियों में लचीलापन, जीएसटी दरों में कटौती।
- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी), नौकरशाही सुधार, और मुद्रास्फीति में नियंत्रण जैसे उपायों को लागू किया गया है।

**आर्थिक जोखिम और बाहरी दबाव:**

- वैश्विक मंदी और अमेरिका के 50% टैरिफ को भारत के लिए एक महत्वपूर्ण बाहरी जोखिम बताया।
- भारतीय निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए निर्यात और आयात को आसान बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## द स्टेट ऑफ सोशल जस्टिस: ए वर्क इन प्रोग्रेस" रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने द स्टेट ऑफ सोशल जस्टिस: ए वर्क इन प्रोग्रेस रिपोर्ट जारी की।
- यह रिपोर्ट 1995 के कोपेनहेगन सामाजिक विकास शिखर सम्मेलन की 30वीं वर्षगांठ को भी चिन्हित करती है।

### मुख्य बिन्दु:

- **प्रगति:** दुनिया में चरम गरीबी 39% से घटकर 10% रह गई है।
  - पहली बार 2023 से विश्व की 50% से अधिक आबादी को किसी-न-किसी सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कवर किया गया है।
- **कमियाँ:** असमानता को कम करने की दिशा में प्रगति रूक गई है।
  - किसी व्यक्ति की आय का 71% हिस्सा केवल उसके जन्म की परिस्थितियों (जैसे- परिवार, देश, सामाजिक स्थिति आदि) पर निर्भर करता है।
- 1982 से पूरी दुनिया में संस्थाओं पर लोगों का विश्वास लगातार घट रहा है।
- **जोखिम:** यदि सरकारों द्वारा समय पर एवं नीतिगत हस्तक्षेप नहीं किए जाते हैं, तो पर्यावरणीय, डिजिटल और जनसांख्यिकीय बदलाव जैसे गहरे सामाजिक परिवर्तन असमानता को और बढ़ा सकते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### सामाजिक न्याय:

- **परिभाषा:** सामाजिक न्याय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता, सम्मान, आर्थिक स्थिरता और समान अवसरों के परिवेश में भौतिक समृद्धि एवं आध्यात्मिक विकास का अधिकार प्राप्त हो।
- **स्तंभ (Pillars):** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की सामाजिक न्याय की अवधारणा चार मुख्य स्तंभों पर आधारित है:
  - मूलभूत मानवाधिकार और क्षमताएँ
  - अवसरों तक समान पहुँच
  - निष्पक्ष वितरण
  - न्यायपूर्ण परिवर्तन।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **टाइफून मत्मो**<br>■ चीन के युन्नान और ग्वांगडोंग प्रांत टाइफून मत्मो से प्रभावित हुए। टाइफून, पश्चिमी प्रशांत महासागर में बनने वाला एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात होता है। |
| 2. | **अल-होल**<br>■ हाल ही में, इराकी सरकार ने संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-रोधी कार्यालय (UNOCT) के तकनीकी सहयोग से अल-होल से व्यक्तियों के प्रत्यावर्तन पर एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया था।<br>■ अल-होल एक शरणार्थी शिविर है, जो पूर्वोत्तर सीरिया में स्थित है। इसमें सीरियाई व इराकी शरणार्थी और अन्य देशों के व्यक्ति रहते हैं। |
| 3. | **प्रतिभूति लेन-देन कर**<br>■ सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिभूति लेन-देन कर की संवैधानिक वैधता की जांच करने पर सहमति प्रकट की।<br>**प्रतिभूति लेन-देन कर:**<br>■ यह एक प्रत्यक्ष कर है, जो मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से की जाने वाली प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री पर लगाया जाता है। इसे वित्त अधिनियम, 2004 के तहत लागू किया गया था।<br>■ **उद्देश्य:** प्रतिभूति बाजार में कर चोरी को रोकना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR